तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025



10 टोकनी दौड़ में मनजीत चिड़ाना विजेता, 30 गावों की सरपंच की सम्मानित





12 सप्ताह में दो दिन बनेंगे प्रमाण पत्र, हर दिन स्कीन जांच, सीएमओ के आदेश






**खबर संक्षेप**

### गाड़ी चालक अवैध हथियार सहित काबू

**रोहतक।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी करके निरंतर वाहनों की चेकिंग की गई। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को अवैध हथियार बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस चौकी घिलौड़ की टीम ने नाकाबंदी के दौरान सूचना गाड़ी सवार युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।



### कॉलेज में योगासन व ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय के एनएसएस सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन शिविर गांव डोभ में आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता की प्रेरणा और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। उनके उत्साहवर्धन से स्वयंसेवकों ने पूरे जोश के साथ विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों में भाग लिया। प्रो. सत्यवान बरोड़ा द्वारा कराए गए योग सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योगासन और ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया।

## गांव बुसाना में बूढ़ी माता का 7वां वार्षिकोत्सव मनाया

# टोकनी दौड़ में मनजीत चिड़ाना प्रथम 30 गांवों की महिला सरपंच सम्मानित





**गोहाना।** रस्साकस्सी में जोर आजमाइश करतीं महिलाएं व विजेता महिलाओं को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ मंच संचालन स्टेट अवार्डी राजकुमार सिंहमार और तिलकराम नौल्था ने किया

ग्रामीण विकास सर्वजातीय विकास समिति बुसाना द्वारा 30 गांवों के सहयोग से गांव बुसाना में बुढ़ी माता का 7वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह में महिलाएं न केवल टोकनी दौड़ में खूब दौड़ी बल्कि रस्साकस्सी में खूब भी खिंचाई की। समारोह में कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति से समारोह को यादगार बना दिया। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि दिल्ली मटियाला विधानसभा के भाजपा विधायक संदीप सहरावत और आईएएस वरुण कालिया रहे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नरेंद्र कादियान, धर्मपाल जागलान और पूर्व विधायक धर्मपाल मलिक थे। अध्यक्षता समाजसेवी खुशीराम भारतीय ने की। मंच संचालन स्टेट अवार्डी राजकुमार सिंहमार और तिलकराम नौल्था ने किया। समारोह में महिलाओं के लिए टोकनी दौड़ और रस्साकस्सी सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई गईं। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से दर्शकों के मन को खूब लुभाया। वार्षिकोत्सव में विजेता महिलाओं समेत मुंडलाना खंड के 30 गांवों के सरपंच सम्मानित हुए।

समारोह में कुलदीप शर्मा, अशोक कुमार, कुलदीप कुंडू, सरपंच रामपाल सहराया, सूबेदार जगदीश शर्मा, संदीप लठवाल, विनोद चहल, राकेश राठी, शीला मोर, बीना जांगड़ा और कमला जवाहरा का विशेष सहयोग रहा।

**प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता**

रस्साकस्सी में गांव चिड़ाना, शामड़ी बुरान, सिरसाढ़, गंगेसर, छतैहरा, बरोदा मोर, सिवानका, मुंडलाना, खानपुर खुर्द, मातंडल, बुसाना, भादौटी खास, बरोदा ठुठान और महमूदपुर चहल की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टोकनी दौड़ में मनजीत चिड़ाना, बीना शामड़ी, दर्शना बुटाना खेतलान, काजल भादौटी खास, उर्मिला छतैहरा, सुनीता राणाखेड़ी, प्रेमलत्ता जागसी सूरा, नीलम जागसी सहरावत, संजू खन्दराई, पूजा देवी बरोदा मोर, ममता मातंड, पूजा रानी बरोदा ठुठान, सुनीता सिवानका, अन्नू गंगेसर, शीला खानपुर खुर्द, निर्मला बिचपड़ी, सोनिया ईशापुर खेड़ी, मुन्नी नूरनखेड़ा, संतोष सिरसाढ़, शारदा मुंडलाना, सरोज शामड़ी लोहचब और पल्लवी गंगाना विजेता रही।

# फरमाणा में तिरंगा यात्रा व बुजुर्ग दौड़ स्पर्धा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

■ प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता को 2100, 1100 व 500 रुपये मिलेंगे

रविवार 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए फरमाना वासी एकत्रित होंगे और सुबह 8 बजे दादा सोभनाथ मंदिर से तिरंगा यात्रा निकालेंगे।

जोगेंद्र फोटोग्राफर का कहना है कि तिरंगा यात्रा मेन रोड अड्डे से होते हुए राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास शहीद स्मारक पर पहुंचेगी। जहां समाजसेवी मोहन गहलावत रिढ़ाऊ, अठगामा प्रधान सतबीर गहलावत, विभिन्न गाँवों के सरपंच, कर्मयोगी वेल्फेयर सोसायटी, समस्त शहीद भगत सिंह टीम तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। जलपान के बाद दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार 50 से 60 साल के उम्र के लोगों की 400 मीटर दौड़ तथा 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की 200 मीटर की दौड़ कराई जाएगी। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वालों को क्रमशः 2100, 1100 व 500 रुपए की इनामी राशि दी जाएगी।

## राजकीय कॉलेज में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पीपली में शनिवार को इंटर क्लास वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय कार्यवाहक प्रभारी डॉ किरण सरोहा ने शारीरिक शिक्षा के सहायक प्राध्यापक एवं संचालक डॉ दिनेश कुमार की मौजूदगी में किया गया। प्रतियोगिता में कपिल दहिया, राहुल ,निशु ,सागर, योगेश ,अंकित की टीम ने नितिन, यश ,शुभम ,हिमांशु, अमन, अमित की टीम को 21- 16, 23- 25, 21 -18 के स्कोर से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# पहले पांच सालों में मजबूत की जाएगी छात्र की नींव



**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर में कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी शिक्षक एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार को सीबीएसई द्वारा अध्यापकों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी से अवगत करवाने के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्संस के तौर पर सुमति आनंद और डा. सुशील कुमार ने अध्यापकों को इस नई शिक्षा नीति से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य से हुआ। संसाधन व्यक्तियों का स्वागत विद्यालय प्रधान राकेश जैन, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों तथा प्राचार्या डा. नीरू ने पुष्पगुच्छ से किया। कार्यक्रम में बताया गया कि एनईपी नई शिक्षा प्रणाली 5+3+3+4 शिक्षा प्रणाली का पालन करेगी। पहले 5 साल छात्र अपनी नींव मजबूत करने में, प्रारंभिक चरण में 3 साल, मध्य चरण में 3 साल और शेष 4 साल माध्यमिक चरण में बिताएंगे। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश, मातृभाषा के प्रयोग पर बल, विभिन्न विषयों के चुनाव की स्वतंत्रता आदि की जानकारी दी गई। एनएफसी के विषय में भी अध्यापकों को बताया गया। तकनीकी या व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विषय में भी अध्यापकों जानकारी दी गई। अध्यापकों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार से विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ - साथ उन्हें नैतिक मूल्यों की जानकारी भी दे सकते हैं। अध्यापकों को यह भी जानकारी दी गई कि कठिन विषय भी किस प्रकार से विद्यार्थियों के लिए रूचिकर बनाया जा सकता है। अध्यापकों से ऐक्टिविटी भी करवाई गई। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों तथा प्राचार्या ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में योग और ध्यान के लाभ बताए

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत योग और ध्यान से की। यूथ फॉर माय इंडिया और डिजिटल साक्षरता थीम पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य आधुनिक जीवन में तनाव मुक्त जीवन जीने के तरीकों को समझाना है। मुख्य अतिथि राजबीर सिंह और कमलेश ने स्वयंसेवकों को योग और ध्यान के लाभ के बारे में बताया।इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजबाला और नीर खरब भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया, जिसमें परीक्षित ने लड़कों की 200 मीटर दौड़ में और लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में कृति ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्वयंसेवकों ने अपने विचार और अनुभव सभी के साथ सांझा किए।

# सफलता प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यकः मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग ने व्याख्यान का किया आयोजन



महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर सुनीत मुखर्जी ने भाग लिया। उन्होंने करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संचार और सॉफ्ट स्किल्स का विकास विषय पर छात्राओं का मार्गदर्शन दिया। मुखर्जी ने बताया कि करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल रुचि होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने करियर की दिशा को सही तरीके से पहचानता है, तो वह अपनी संचार क्षमता और अन्य सॉफ्ट स्किल्स को उसी अनुरूप विकसित कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, टीम वर्क और समस्या समाधान की क्षमता जैसी सॉफ्ट स्किल्स किसी भी व्यक्ति को अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करती हैं। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें, एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और निरंतर सीखते रहें। इससे न केवल वे अपने करियर में सफलता प्राप्त कर सकेंगी, बल्कि अपने सपनों को भी साकार कर पाएंगी। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका सोफिया जाखड़, नीलम सहित अन्य मौजूद रहे।

*मदवि में कार्यशाला आयोजित*

# कहानियां हमें जीवन में खुशियों का संसार रचकर देतीः प्रो. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



कथा-कहानी हमारी जिन्दगी के साथ बचपन से जुड़ी होती हैं। ये कहानियां हमें जीवन में खुशियों का संसार रचकर देती हैं। पॉजिटिव स्टोरीटेलिंग हैप्पीनेस का रास्ता तय करने का सकारात्मक संदेश प्रतिष्ठित मनोविज्ञानी, विदुषी, स्टोरीटेलर एवं पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला की सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. वंदना शर्मा ने शनिवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लेबोरेटरी द्वारा आयोजित सुख-सृजन कार्यशाला में विचार रखे। प्रो. वंदना शर्मा ने बेहद रोचक ढंग से कहानियों के जरिए खुशियों का रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि खुशी प्राप्ति की कूंजी सकारात्मक सोच में निहित है। कहानियां हमें दुनिया को समझने का, भावनाओं को अभिव्यक्त करने का, जीवन को अर्थपूर्ण तथा सार्थक बनाने में मददगार होती हैं, ऐसा उनका कहना था। प्रो. वंदना शर्मा ने कार्यशाला में विभिन्न कहानियों को सुनाकर, आडियो विजुअल प्रेजेंटेशन से प्रतिभागियों से संवाद किया।

**ये रहे मौजूद**

विभाग के प्राध्यापकगण- प्रो. शालिनी सिंह, प्रो. सर्वदीप कोहली, डॉ. शशि रश्मि,डॉ. बिन्दु अहलावत की प्रतिभागिता कार्यशाला में रही। मनोविज्ञान विभाग स्टाफ सदस्यों- अमित, मीनाक्षी, मंजू, बलवान, जतिन तथा नरेश ने आयोजन सहयोग दिया। शोधार्थियों-विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया।

## सरकार ने 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को दिव्यांग पेंशन देने का लिया निर्णय : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



धीरेंद्र खड़गटा

सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने कहा है कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गत 3 मार्च को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया हैं। इनमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्कलेरोसिस, पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं।

उन्होंने कहा है कि इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है।

# सत जींदा कल्याणा कॉलेज में राष्ट्रीय जल मिशन दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ

■ भूगोल विभाग, पर्यावरण क्लब व यूथ रेड क्रास के तत्वावधान में शपथ समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में शनिवार को जल दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग, पर्यावरण क्लब व यूथ रेड क्रास के तत्वावधान में एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा जल बचाने उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने व पानी की हर बूंद का संचयन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन-रेन वाटर हारवेस्टिंग पर प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने अपने विचार रखे व उन्होंने पानी संरक्षण पर बल दिया और अपने वकत्वय में बताया कि अगर पानी नही बचाया तो आने वाले समय में पीने का पानी भी नसीब नही होगा। प्राचार्य डॉ. दुआ ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि वे अपने घर व आस–पास में सभी व्यक्तियों को जल संरक्षण के बारे में बताए व उन्हे यह भी कहे कि पानी को व्यर्थ न बहाए। इस दौरान डॉ. सतीश नरवाल ने जल संरक्षण करने के साथ-साथ रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. नरवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर कॉलेज में 28 मार्च को लगाया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण क्लब की सदस्या डॉ. दीपा जुनेजा, डॉ. सुमन, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. रितू व डॉ. संगीता आदि मौजूद रहे।




## पार्षद प्रवीन कौशिक के निवास स्थान पहुंचे रघुवीर सैनी

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के बड़े भाई रघुवीर सैनी वार्ड 20 के पार्षद प्रवीन कौशिक के देवी विहार स्थित निवास पर पहुचें और नवनिर्वाचित पार्षद प्रवीन कौशिक को शुभकामनाएं दी। निवास पर पहुंचने पर पार्षद प्रवीन कौशिक द्वारा फूल मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। युवा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कौशिक ने साथियों सहित रघुवीर सैनी को भेंट स्वरुप गदा प्रदान की। साथ ही भारी बहुमत से जीत दिलाने पर रघुवीर सैनी ने समस्त वार्ड वासियों का धन्यवाद किया और कहा कि वार्ड 20 व शहर में मुख्यमंत्री द्वारा विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर जसवीर टांक, दीपक रोहिल्ला, जितेन्द्र अत्री, मनीषा सुहाग, पूनम किराड़, आशा दहिया, फूल कुमार, ललित, सतीश भारद्वाज, लीला धनखड़, जयपाल, मास्टर सतप्रकाश, नरेश प्रधान, कुकु प्रधान, मनीष दलाल, रिंकू पालीवाल, सतबीर चंदोलिया, श्याम शर्मा, शक्ति अहलावत आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — कांग्रेस आज तक अपना नेता नहीं चुन पाई, भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाकर रिकॉर्ड किया कायम

*संत महापुरुषों के प्रवचनों से जीवन बनेगा सरल, सभी विधायकों को बात रखने का दिया पर्याप्त समय*

# बच्चों और युवाओं को आध्यात्मिकता के लाना होगा करीब : डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल

■ 78वें वार्षिक महान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा है कि आध्यात्मिक के पथ पर चलकर जीवन को सरल बनाया जा सकता है। वे स्थानीय किला मोहल्ला में आयोजित 78वें वार्षिक महान यज्ञ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। संत महापुरुषों द्वारा दिए जाने वाले प्रवचनों से हमें जीवन जीने की शैली की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक के मार्ग पर चलकर जीवन में कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है।

### विधायकों को बात रखने का समय दिया

बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान सभी विधायकों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आजादी के बाद जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड कायम किया है। वही कांग्रेस ने भी बिना विपक्ष के नेता का रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान भी कांग्रेस अपना नेता नहीं बना पाई। डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मुद्दाहीन हो चुकी है। भाजपा की सरकार में तेजी से विकास कार्य किया जा रहे हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री सैनी जनहित से जुड़े किसी भी मुद्दे पर अपनी स्वीकृति देने में देर नहीं लगाते भले ही ऐसा मुद्दा विपक्षी दल के विधायक द्वारा उठाया गया हो। एक सवाल के जवाब में डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के दौरान हर शहर में एक पुराने बाजार को 'स्मार्ट बाजार' और एक पुरानी गली को 'स्मार्ट गली' के तौर पर कायाकल्प करने को लेकर भी अपनी मुहर लगाई है।

**ये रहे मौजूद**

उनके साथ युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, पवन आहूजा, संजय आहूजा, पार्षद कपिल नागपाल, मनोज मक्कड़, तरुण सन्नी शर्मा, प्रतिभा सुमन, विजय आर्य, शिवा दित्ता मल नात्थी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मंडोरा में आज मनाया जाएगा शहीदी दिवस

**खरखौदा** । 23 मार्च 1931 को अंग्रेजों ने भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को फांसी पर लटका दिया था। जिससे वे शहादत को प्राप्त हुए थे। उनकी शहादत से देश में आजादी की एक नई क्रांति की ज्वाला पैदा हुई थी और पूरे देश में आजादी का आंदोलन जोरदार तरीके से चला। फलस्वरूप भारत 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रकाश डालते विजेंद्र दहिया ने बताया कि आने वाली पीढ़ियां को उनके बलिदान याद रहे, इसी को दृष्टिगत रखते हुए शहीदी दिवस मनाने का फैसला लिया गया है।

### घर का ताला तोड़कर लाखों की नकदी चोरी

**गन्नौर** । पटेल नगर में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और गहने चोरी कर लिए। मकान के किरायेदार ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में आहुलाना निवासी जयशील ने बताया कि वह पटेल नगर में किराये के मकान में रहता है। वह 21 मार्च को दोपहर 1 बजे अपने परिवार सहित गांव गढ़ी केवल, समालखा शादी में गए थे। जब 22 मार्च की सुबह 4 बजे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला।

### एंबुलेंस पर तैनात कर्मी का वाहन चोरी, केस

**सोनीपत**। कुंडली थाना क्षेत्र में एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारी के दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रीतमपुरा निवासी साहिल ने बताया कि वह एनएचएआई पर बतौर एंबुलेंस पर चालक के पद पर तैनात है। वह ड्यूटी पर जाने के लिए दो-पहिया वाहन को पीतमपुरा खड़ा करके चला जाता है।

### हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल रक्तदान शिविर आज

**खरखौदा** । शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर पारुल दहिया के संयोजन में 23 मार्च को हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी पारुल दहिया अब तक 17 बार रक्तदान कर चुकी हैं और सैकड़ों रक्तदान शिविर आयोजित कर चुकी हैं और इस पहल का नेतृत्व कर रही हैं।

## ओटोजनी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दीक्षांत समारोह का आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी -प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

### नन्हे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया

प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों को वार्षिक रिपोर्ट प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ओटोजनी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों को वार्षिक रिपोर्ट प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह गायन, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी खास बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मोना सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

दीक्षांत समारोह के साथ-साथ 'अभिभावक-शिक्षक वार्ता' का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक प्रदर्शन का विवरण अभिभावकों को दिया गया। वार्षिक रिपोर्ट प्रदान की गई।




**सोनीपत** । ओटोजनी स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. मोना सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर सीखने की प्रक्रिया है, जो समाज और राष्ट्र की उन्नति में सहायक होती है। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद अभिभावकों और छात्रों ने यादगार क्षणों को संजोने के लिए सामूहिक फोटो खिंचवाई।



**सोनीपत** । ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### ब्राइट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**सोनीपत**। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में परिणाम दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक परिणामों की घोषणा की गई और इसमें छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन ने हिस्सा लिया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें मेधावी छात्रों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए छात्रों को विशेष पुरस्कार दिए गए। अध्यापकगण में मनीषा, राज बाला, गुंजन, सुनील व शिवम के छात्रों ने दसवीं/बारहवीं कक्षा में 100 अंक प्राप्त किए, उन्हें भी नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल ने छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों के लिए बधाई देते सभा को संबोधित किया। प्राचार्य ने शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में निरंतर सीखने और दृढ़ता के महत्व पर भी जोर दिया। दिन का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

- **100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कार दिए**



**सोनीपत** । हिंदू कॉलेज में एनसीसी कैडेट मीनल का स्वागत करते हुए।

# एनसीसी कैडेट मीनल का किया भव्य स्वागत

- नेपाल में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम एनसीसी कैंप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर मीनल नसीयर का कॉलेज में भव्य स्वागत किया गया। मीनल ने 21 फरवरी से 5 मार्च तक नेपाल में आयोजित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम एनसीसी कैंप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ देशभर से चुने गए 15 अन्य कैडेट्स, डीजीएनसीसी और 2 प्रतिनिधि भी इस गौरवशाली यात्रा का हिस्सा रहे। नेपाल प्रवास के दौरान वे नेपाल की सेना के वार्षिक दिवस और महाशिवरात्रि पर्व में बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किए गए , जहां उन्हें नेपाल के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और डीजीएनसीसी द्वारा सम्मानित किया गया। इस कैंप का आयोजन भारतीय रक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था, जहां भारतीय कैडेट्स ने नेपाल के एनसीसी कैडेट्स के साथ रहकर सांस्कृतिक और सैन्य प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया। इस दौरान उन्होंने नेपाल के प्रसिद्ध मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया। मीनल नसीयर सोनीपत जिले के गांव सीतावली की निवासी हैं और एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा चौधरी रामफल पूर्व सरपंच रहे हैं। उनके माता-पिता गांव में रहते हैं, लेकिन मीनल और उनके भाई-बहनों को चाचा-चाची ने सोनीपत लाकर उनकी पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में कॉलेज प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने औपचारिक स्वागत समारोह का आयोजन किया। मीनल के परिवार के सदस्य उनके भाई-बहन, चाचा-चाची भी मौजूद रहे। कॉलेज की उप-प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल, एसोसिएट प्रो. मंजू गोयंदी आदि मौजूद रहे।

# 74 नागरिकों ने किया रक्तदान

- वेलकम फाउंडेशन ने अंबेडकर चौक पर 151वां शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

वेलकम फाउंडेशन द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक में 151वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। यह शिविर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर आयोजित हुआ जिसमें 74 नागरिकों ने रक्तदान करके शहीदों को नमन किया। मार्गदर्शन संस्थापक अध्यक्ष केसी शर्मा का रहा। संयोजन ज्ञानेंद्र रोहिल्ला ने किया।

रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि गोहाना के एसीपी ऋषिकांत शर्मा और विशिष्ट अतिथि बृजमोहन शास्त्री थे। रेवाड़ी के साइकिलिस्ट महेश कुमार भी संयोग से अपने सफर के दौरान शिविर स्थल पर पहुंचे। वे अपनी साइकिल से अब तक 14 देशों की यात्रा कर चुके हैं। शिविर में रविश, संदीप, देवेंद्र, प्रवेश, साहिल, राहुल और हितेंद्र ने पहली बार जबकि नियमित रक्तदाताओं में पुलिसकर्मी राकेश कुमार सहित जगपाल सिंह, विपुल, जोनी, कपिल, कर्मपाल, दीपक शर्मा, प्रभात सिंह, केशव, सतनारायण, राम सिंह, सोमपाल, दिनेश, शीनू, जितेन्द्र, अजय, सतीश, अनुज, पवन व जय सिंह ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर के आयोजन में जयवीर कौशिक, मनजीत भारद्वाज, इंद्रजीत गोयल, रामपाल दहिया व अमन जुनेजा का विशेष योगदान रहा।



**गोहाना** । शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते एसीपी ऋषिकांत व आयोजक।

# सेमिनार संपन्न, प्रश्नपत्रों की जानकारी दी

### ऋषि कुल वर्ल्ड अकादमी में सीबीएसई ने किया आयोजित

- कार्यशाला के दूसरे दिन ब्लू प्रिंट के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषि कुल वर्ल्ड अकादमी में सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) के अंतर्गत मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रिया के विषय में विशेष द्विदिवसीय सेमिनार का शनिवार को समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि व वक्ता अनिल कुमार गोयल एवं अमीषा गौड़ के साथ वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा और रीमा शर्मा विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रश्न पत्र तथा उसके ब्लू प्रिंट के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया कि प्रश्नों का स्तर किस प्रकार निर्धारित करना है। इस दिन मुख्य वक्ता द्वारा अध्यापकों से स्मार्ट पर आधारित प्रश्न पत्र तथा ब्लू प्रिंट तैयार करवाकर उन पर चर्चा की गई। अध्यापकों को शिक्षा की नई पद्धति जोकि स्किल (एनएसक्यूएफ) पर आधारित पालिसी समझाई गई। स्किल बेस्ड विषयों के पेपर के अंक विभाजन के बारे में समझाया गया। इस दौरान कक्षा छठी व आठवीं के बच्चों के लिए निर्धारित स्किल विषयों के बारे में बताया गया कि अगर बच्चा लिए गए स्किल विषयों में रुचि नहीं ले रहा तो वह 6 महीने बाद उस विषय को बदल भी सकता है। इस दौरान आर्ट, विजुअल आर्ट व परफार्मिंग आर्ट के बारे में बताया गया। कार्यशाला के अंत में अध्यापकों को दो समूहों में बांटकर कक्षा गतिविधि करवाई । प्रधानाचार्य चंचल शर्मा ने मुख्य वक्ता द्वारा दी गई जानकारी पर उनका आभार जताया। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक व अध्यापक उपस्थित रहे। सेमिनार के अंत में अतिथियों एवं अध्यापकों का प्रधानाचार्या द्वारा अतिथियों एवं अध्यापकों का धन्यवाद किया गया।



**सोनीपत** । सेमिनार के प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण। *फोटो :हरिभूमि*

# विधायक ने 30 दुकानों व मान चौपाल का किया उद्घाटन

### धन्यवादी दौरे में गांव सेरसा एवं दहिसरा पहुंची विधायक कृष्णा गहलावत

- दोनों गांव में लोगों की समस्याएं सुनी व समाधान के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई से विधायक बनने पर विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान गांव सेरसा एवं दहिसरा पहुंचकर लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर नागरिकों ने एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी और दायित्व सौंपा है। इस दायित्व को बड़ी शिद्दत के साथ पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने सेरसा गांव में 26 लाख रुपए की लागत से बनी पंचायत की 30 दुकानों व 15 लाख रुपए की लागत से बनी मान चौपाल का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि गांव में 30 दुकान नई बनने से गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा साथ ही ग्राम पंचायत की भी किराए के जरिए आमदनी होगी। सेरसा गांव में 35 साल पुरानी गली का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से करवाया जाएगा। सेरसा गांव के लिए सौगात ट्रेन नंबर 8 के पुल का कार्य लगभग 2 महीने में शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि दहिसरा गांव को आसपास के गांव से जोड़ने वाली सड़कों का मरम्मत का कार्य भी करवाया जाएगा। जाटी कलां से दहिसरा की सड़क जिसकी लंबाई लगभग 2.14 किलोमीटर है। उसकी मरम्मत का कार्य जल्दी ही पूरा होने वाला है। दहिसरा से दिल्ली पल्ला 36 तक की सड़क की मरम्मत के लिए 8 लाख रुपए मंजूर करवा दिए हैं। उन्होंने दोनों गांव में लोगों की समस्याएं सुनी व समाधान किए।



**राई** । विधायक कृष्णा गहलावत चौपाल का उद्घाटन करते हुए साथ में पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल । *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर दहिसरा से सरपंच धीर सिंह, सेरसा से सरपंच रेणु, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रदीप, बीडीपीओ सरेंद्र, भाजपा नेता सतनारायण आंतिल, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, भाजपा युवा नेता योगेश जठेड़ी, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, विकास कौशिक, इंद्र चौहान, आदि मौजूद थे ।

# जोगी समाज का सामुदायिक भवन 11 लाख रुपये से बनेगा

- नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने किया भवन का शिलान्य
- शहर में किसी भी क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगर परिषद (नप) गुढ़ा रोड पर जेकेआर पब्लिक स्कूल के पास जोगी समाज के सामुदायिक भवन का निर्माण करवाएगी। शनिवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोडक़र भवन का शिलान्यास किया।

नप चेयरपर्सन के अनुसार सामुदायिक भवन के निर्माण पर 11 लाख रुपये खर्च होंगे। समाज के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्थान होगा। भवन निर्माण के बाद समाज के लोग यहां सामूहिक आयोजन कर सकेंगे। उनके अनुसार नगर परिषद द्वारा शहर के विकास व समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकासकार्य करवाए जा रहे हैं। शनिवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोडक़र भवन का शिलान्यास किया। शहर में किसी भी क्षेत्र में विकासकार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड 22 के नगर पार्षद जगदीश ने की। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते हुए नप चेयरपर्सन रजनी

### 100 मीटर दौड़ में कृति ने अव्वल स्थान पाया

**रोहतक**। वैश्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत योग और ध्यान से की। यूथ फॉर माय इंडिया और डिजिटल साक्षरता थीम पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य आधुनिक जीवन में तनाव मुक्त जीवन जीने के तरीकों को समझाना है। मुख्य अतिथि राजबीर सिंह और कमलेश ने स्वयंसेवकों को योग और ध्यान के लाभ के बारे में बताया।इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजबाला और नीर खरब भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया, जिसमें परीक्षित ने लड़कों की 200 मीटर दौड़ में और लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में कृति ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## 12वीं के विद्यार्थियों ने चार विषयों का पेपर दिया

# सत्रह केंद्रों पर 265 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

- कहीं से भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। हालांकि 10 वीं की परीक्षाएं खत्म हो चुकी है, लेकिन अभी 12वीं की परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मिलिट्री विज्ञान, नृत्य, मनोविज्ञान व संस्कृत व्याकरण पार्ट-1 का पेपर दिया। बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में बनाए गए 17 परीक्षा केंद्रों पर संचालित परीक्षा में 265 विद्यार्थी शामिल हुए। शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन व पुलिस की सख्ती के चलते सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, कहीं से भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर छह-छह पुलिस कर्मी तैनात रहे। पुलिस की सख्ती का ही परिणाम रहा कि किसी भी केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप नजर नहीं आया। वहीं बोर्ड व जिला प्रशासन की तरफ से गठित उड़नदस्ता टीमों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। टीमों ने कक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों की जांच की। वैकल्पिक विषयों का पेपर होने के चलते विद्यार्थियों की संख्या कम रही। यही कारण रहा कि परीक्षा केंद्रों की संख्या भी कम कर दी गई थी। शनिवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मिलिट्री विज्ञान, नृत्य, मनोविज्ञान व संस्कृत व्याकरण पार्ट-1 का पेपर दिया। मिलिट्री विज्ञान व नृत्य विषय का पेपर दोपहर 12:30 से 03:00 बजे तक हुआ। जबकि अन्य विषयों का पेपर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक चला। वहीं सीबीएसई की तरफ से संचालित परीक्षा में शनिवार को 12वीं के विद्यार्थियों ने राजनीति विज्ञान विषय का पेपर दिया।



**शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न**

जिले में बनाए गए 17 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को 12वीं कक्षा के 265 विद्यार्थियों ने पेपर दिया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। *कृष्ण रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत*

# नवनियुक्त जिला अध्यक्षों ने लिया विधायक का आशीर्वाद

### बेहतरीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी

- कृष्णा गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

भारतीय जनता पार्टी के सोनीपत और गोहाना के नव नियुक्त जिलाध्यक्षों ने शनिवार को विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत का आशीर्वाद लिया। विधायक गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों का उनके आवास पर पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए बेहतरीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। हाल ही में नियुक्त हुए भाजपा के सोनीपत के जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज और गोहाना के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक उर्फ मल्ला ने अपनी नियुक्ति पर विधायक का आशीर्वाद लेते हुए सहयोग की अपील की।

विधायक कृष्णा गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार का आरोपी किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित रवि निवासी दिल्ली का है। अदालत ने आरोपी को नजेल भेज दिया। सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र की टीम गशत के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में कुंडली के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास देशी पिस्तौल व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी नरेश की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया।

### धमकी दे खाते में डलवाई एक लाख से अधिक राशि

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के कोर्ट मोहल्ला निवासी युवक से वीडियो कॉल करके एक लाख से ज्यादा की राशि ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चंद्र ने बताया कि 30 जनवरी को उसके पास सोशल अकाउंट पर वीडियो कॉल आई। जिसमें उसे डरा धमकाकर दो अलग-अलग खातों में एक लाख से ज्यादा की राशि को ट्रांसफर करवा लिया। उसने अपने स्तर पर खातों की जानकारी ली। उसके बाद मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रामफल प्रभारी व परमवीर सैनी सह प्रभारी नियुक्त

**गोहाना।** भाजपा संगठन के गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने जिला कार्यकारिणी को गठित करने के लिए बरोदा हलका से पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना को प्रभारी एवं परमवीर सैनी को सह प्रभारी नियुक्त किया। भाजपा के कार्यकर्ता जिला की कार्यकारिणी, जिला के मोर्चों की कार्यकारिणी और मंडलों की कार्यकारिणी के लिए 23 मार्च को आवेदन कर सकेंगे। आवेदन सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में लिए जाएंगे।

### कार्यभार संभालने के बाद सीएमओ ने दिए आदेश

# अब सप्ताह में दो दिन बनेंगे प्रमाण पत्र सप्ताह के सात दिन होगी स्किन जांच

- स्किन विशेषज्ञ डा. राघवेंद्र ने जिला नागरिक अस्पताल में किया ज्वाइन
- औचक निरीक्षण के दौरान बड़ौली ने सप्ताह में दो प्रमाण पत्र बनाने के दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत





सोनीपत। नागरिक अस्पताल व जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी तथा चर्म रोग ओपीडी में मरीज की जांच करते हुए चिकित्सक रघुवेंद्र। फोटो : हरिभूमि

जिले में दिव्यांगों के लिए राहत भरी खबर है। जिला नागरिक अस्पताल अस्पताल प्रबंधन की तरफ से दो दिन दिव्यांगों की जांच के लिए समय निर्धारित किया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार संभालते ही बुधवार व शुक्रवार को दो दिन दिव्यांगों की जांच करने के लिए निर्देश जारी किए गए है। जिला अधिकारी डा. ज्योत्सना ने सप्ताह में दो दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिव्यांगों की जांच करने व प्रमाण पत्र बनाने के आदेश जारी किए है। इससे दिव्यांग लोगों को काफी फायदा होगा। वहीं चर्म रोग के चिकित्सक ने डा. राघवेंद्र ने सोनीपत नागरिक अस्पताल में ज्वाइन कर लिया है। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में दिव्यांगों की चिकित्सा जांच करने के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विपिन दलाल व गन्नौर उपमंडल नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव कौशिक की ड्यूटी लगाई गई है। दोनों चिकित्सक बुधवार व शुक्रवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिव्यांगों की चिकित्सा जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि तीन साल से अधिक पुराने प्रमाणपत्रों का दोबारा सत्यापन कराना होगा। सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन के साथ लगाए दिव्यांगता संबंधी दस्तावेजों की जांच कर, इसे ऑनलाइन भी किया जा रहा है। तीन साल से अधिक पुराने प्रमाण-पत्रों का दोबारा सत्यापन किया जा रहा है। स्वावलंबन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। एक सप्ताह में 80 से 100 दिव्यांग आवेदन कर रहे हैं, इनमें अधिकांश अस्थि विकार यानि हाथों-पैरों की दिव्यांगता है।

#### विधायक ने बताई थी खामियां

विधायक निखिल मदान द्वारा विधानसभा के बजट सत्र में सोनीपत के सामान्य अस्पताल की खामियों को उजागर करने के बाद सरकार एक्शन मोड में है। विधायक निखिल मदान द्वारा वीरवार को ही सीएमओ की नियुक्ति का मामला विधानसभा में उठाया गया था और उसी शाम डॉ. ज्योत्सना को सामान्य अस्पताल में सीएमओ की नियुक्ति दी गई थी। इसके साथ ही विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विधायक निखिल मदान के प्रश्न के जवाब में बताया था कि सोनीपत सिविल अस्पताल के लिए एमआरआई और कैथ लैब की री टेंडरिंग करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही सामान्य अस्पताल सोनीपत में रेडियोलॉजिस्ट सहित चिकित्सकों के सभी रिक्त पदों को भरने का आश्वासन भी स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में दिया था।

#### चर्म रोग की ओपीडी रहेगी खुली, चिकित्सक ने किया ज्वाइन

वहीं चरम रोग विभाग में तैनात डा. राजेश का प्रमोशन होने के बाद उन्हें तीन दिन नागरिक अस्पताल व तीन दिन जुआं सीएचसी पर काम करना होता था। जिसके चलते चर्म रोग ओपीडी में लोगों की परेशानी होती थी। नागरिक अस्पताल में पानीपत से तबादला होकर आए चिकित्सक राघवेंद्र ने ज्वाइन कर लिया है। जिसके चलते अब सप्ताह भर चरम रोग की ओपीडी खुली रहेगी। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### मरीजों के सुविधा के लिए उठाएंगे हर कदम

सप्ताह में एक ही दिन दिव्यांगों की जांच होती है। चिकित्सक उसी दिन ओपीडी भी करते थे। साथ में जांच व प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाती है। अब शुक्रवार को भी चिकित्सक दिव्यांगों की जांच करेगें। इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए है। उच्च अधिकारी से बातचीत करके जनहित में दो दिन जांच करने का फैसला लिया गया है। मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाया जायेगा। -डा. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए जुआ के ग्रामीण साथ में जिला पार्षद।

### जुआ गांव में पेयजल की समस्या ग्रामीणों का मटका फोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जुआ गांव में पीने की पानी की समस्या को लेकर मटका फोड़ प्रदर्शन किया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करते हुए सरकार व प्रशासन के खिलाफ मटका फोड़ा गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि काफी दिनों से गांव में पीने के पानी की समस्या है। कई घरों में पानी की सप्लाई नहीं है। गांव में काफी दिन पहले बूस्टर लगा था वह भी चालू नहीं किया गया है। सप्लाई का पानी भी गंदा आ रहा है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अपने कोटे से गांव में पीने की पानी की सप्लाई के लिए 10 हैंड पंप देने की घोषणा की। इस अवसर पर भोला, सचिन, संदीप, प्रदीप, जोगिंदर, महावीर, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### युवक को शेयर ट्रेडिंग सिखाने का झांसा देकर 7.45 लाख रुपये ठगे

- गन्नौर के युवक के साथ की गई ठगी

**सोनीपत।** गन्नौर के रहने वाले युवक को शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने के नाम पर लाखों रुपये की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर ठगों की तलाश कर रही है। गली नंबर-1 केडी नगर निवासी रोहित ने बताया कि उसके पास गत 22 जनवरी को कॉल आई। कॉलर ने फ्री में शेयर मार्केट व शेयर ट्रेडिंग सीखने का निमंत्रण दिया। उसके बाद खुद को बहुदेशिय कंपनी का कर्मचारी बताया। उसे सुबह आठ बजे से क्लास दी जाने लगी। उसके बाद उसे एक ग्रुप में जोड़ दिया। उसे अलग-अलग लालच देकर दस से बीस प्रतिशत मुनाफा देने व आईपीओ में जानकारी दी। उससे अलग-अलग खातों में साल लाख 45 हजार रुपये की राशि को ट्रांसफर करवा लिया। जब उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि फर्जी दस्तावेजों पर खाते खुलवा कर उससे रुपये ट्रांसफर करवा लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



गन्नौर। औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों को जागरूक करते एडवोकेट विक्रम सैनी साथ में प्रधान नवीन कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों को किया गया जागरूक

**गन्नौर।** एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कानूनी जागरूकता के प्रति बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों को जागरूक किया गया। जिसमें एडवोकेट विक्रम सैनी ने शिरकत की और मजदूरों को पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। एसोसिएशन के प्रधान नवीन शर्मा ने एडवोकेट विक्रम सैनी का स्वागत किया। एडवोकेट सैनी ने बच्चों को यौन शोषण से बचाने, मजदूरों की सुरक्षा के बारे में बताते हुए कानूनी सहायता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर काफी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

## गोहाना बेशक जिला बने, खरखौदा उपमंडल उसमें न हो शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

- रणनीति बनाने के लिए संघर्ष समिति का होगा गठन, खरखौदा को जिला बनाए सरकार



खरखौदा। पंचायत को संबोधित करते विकेश दहिया।

खरखौदा क्षेत्र के विभिन्न गांव के गणमान्य लोगों की पंचायत शहर के भगवान परशुराम पार्क में मास्टर महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भाजपा पार्टी द्वारा संगठनात्मक तौर पर गोहाना को जिला बनाने और उसमें खरखौदा क्षेत्र को शामिल किए जाने को लेकर कड़ा विरोध जताया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए बेदी गोपालपुर ने कहा कि गोहाना को जिला बनाए जाने में इस क्षेत्र के लोगों को का कोई विरोध नहीं है। लेकिन खरखौदा क्षेत्र को गोहाना में शामिल किए जाने की संभावना पर लोगों की आपत्ति है। स्पष्ट है कि खरखौदा की गोहाना से दूरी 40 किलोमीटर है और अधिक दूरी होने के कारण क्षेत्रीय लोगों को अधिक समय व धन व्यय करना होगा। जिससे जनता आक्रोशित है। हंसराज राणा ने कहा कि जब तक सरकार द्वारा लिखित रूप में खरखौदा को सोनीपत जिले में रहने का प्रमाण नहीं दिया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा और संघर्ष चलाने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा।

#### गोहाना में शामिल करने का होगा विरोध

विकेश दहिया रोहणा ने कहा कि खरखौदा को गोहाना में शामिल करने का प्रस्ताव अन्यायपूर्ण है। वो गोहाना को जिला बनाने के पक्षधर तो हैं, लेकिन खरखौदा का गोहाना में शामिल करने के बिल्कुल पक्षधर नहीं है। यदि सरकार को सोनीपत जिला में एक अन्य जिला बनाना है, तो खरखौदा को ही जिला बनाकर गोहाना व आसपास के क्षेत्र को इसमें शामिल करे। आगामी 30 मार्च को खरखौदा के परशुराम पार्क में पुनः पंचायत होगी। जिसमें एक संघर्ष कमेटी का गठन करके आगामी रणनीति की घोषणा की जाएगी। रोहतास (नेता) रोहणा ने कहा कि खरखौदा क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं है। संभावित फैसला आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का प्रश्न है। जब तक सरकार द्वारा गोहाना का गजट नोटिफिकेशन नहीं होता, तब तक इस क्षेत्र का संघर्ष जारी रहेगा। यदि खरखौदा को गोहाना में शामिल किया जाता है, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। अब खरखौदा क्षेत्र में 18000 करोड़ रुपये की लागत से आईएमटी शुरू की गई है और राजधानी क्षेत्र के खरखौदा क्षेत्र समीप लगता है। इसके विकास की प्रबल संभावनाएं हैं। इसलिए गोहाना को जिला न बनाकर, खरखौदा को जिला घोषित किया जाना चाहिए। इस मौके पर बलवान सेहरी, रमेश, राजकुमार सिसाना, बल्ले पहलवान रोहणा, डॉ. महेंद्र, करतार सिंह, राजू, देवेंद्र, रामदिया गोपालपुर, देवेंद्र नकलोई सहित विभिन्न गांवों के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों का महासम्मेलन 30 को

**सोनीपत।** पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी मीटिंग द्वारा जिले के सभी पूर्व सैनिकों का महा सम्मेलन बुलाने का निर्णय लिया गया है। सत्यपाल काजला की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को सुबह 0930 बजे छोटू राम धर्मशाला, सोनीपत में पूर्व सैनिकों का महा सम्मेलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। सोसाइटी के प्रवक्ता हर स्वरूप भारद्वाज ने बताया कि पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही ओआरओपी की विसंगतियां, समान एमएसपी, खरखोदा में सीएसडी कैंटीन एक्टेंशन काउंटर खोलने जैसी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय संगठनों वायस ऑफ एक्स-सर्विसमैन, साबका सैनिक संगठन, एफवीए द्वारा आगामी अप्रैल महीने में सभी मुद्दों पर जंतर मंतर पर आंदोलन करने का संकेत दिया है। पहले की तरह पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी सोनीपत भी इस आंदोलन की भागेदारी सुनिश्चित करेगी ताकि पूर्व सैनिकों की अधूरी पड़ी मांगों का आठवें वेतन आयोग में समाधान किया जा सके। इसके लिए जिले के सभी पूर्व सैनिक प्रथम सैनिक महासम्मेलन में पहुंचकर अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## फसल कटाई के नए प्रयोग से पता चलेगी औसत पैदावार

- फसल की औसत पैदावार का पता लगाने गांव कथूरा में किसान फसल कटाई प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



गोहाना। गांव कथूरा में सरसों की फसल का कटाई प्रयोग करते हुए विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम द्वारा गांव कथूरा में सरसों की फसल का कटाई प्रयोग किया गया। मार्गदर्शन विभाग के गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद का रहा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इन दिनों गांवों में सरसों की फसल का कटाई प्रयोग किया जा रहा है। इस प्रयोग के माध्यम से गांव में फसल की औसत पैदावार का पता लगाया जाता है। शुक्रवार को विभाग की टीम धान की फसल का कटाई प्रयोग करने के लिए गांव कथूरा में पहुंची।

टीम में एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के साथ एसएमएस डॉ. वीरेंद्र नांदल और एसए राजबीर ने अपनी देखारेख में फसल कटाई प्रयोग करवाया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के अनुसार फसल कटाई प्रयोग का मकसद गांवों में फसलों की औसत पैदावार का पता लगाना है। इसमें फसल के खेत में 5 बाई 5 मीटर का रकबा निर्धारित किया जाता है और उस रकबे की फसल की अलग से कटाई करके झड़ाई की जाती है। अगर पैदावार औसत पैदावार से कम है तो नियमानुसार बीमित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। इस अवसर पर सुपरवाइजर हर्षद और बीमा कंपनी से अजीत भी मौजूद रहे।

### लल्हेड़ी गांव के सरपंच ने पंच के आरोपों को बताया निराधार

- ग्रामीणों ने सरपंच की विकास कार्यों के लिए की सराहना, आरोपों को नकारा।

**गन्नौर।** लल्हेड़ी खुर्द ग्राम पंचायत में गांव के सरपंच पर वित्तीय अनियमितताओं के लगाए गए आरोपों को सरपंच ने नकारते हुए कहा कि ये ग्राम पंचायत को बदनाम करने का षडयंत्र है। सरपंच ने कहा कि उनकी ग्राम पंचायत में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से ग्रामीण सन्तुष्ट है लेकिन कुछ लोग अपने स्वार्थ के चलते व चुनावी रंजिश के कारण अनाप-शनाप आरोप लगा रहे है। सरपंच ने कहा कि वो हर प्रकार की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस पंच ने ये आरोप लगाए है वे बार बार विकास कार्यों में बाधा डाल रहे है। जब ग्राम पंचायत ने उनको ऐसा करने से मना किया तो बार-बार शिकायत करने व आरटीआई लगाने की धमकी देता है। पंच द्वारा लगाए गए आरोप गलत व निराधार है। गांव ने उन्हें दूसरी बार सरपंच बनाया है। पिछल्ले कार्यकाल में भी उन्होंने बेहतर काम करवाए थे। वहीं गांव के लोगों ने इसी मामले को गलत बताते हुए गांव में सरपंच द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

### बाइक की टक्कर से घायल व्यक्ति की पीजीआई में मौत

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में दवा लेने जा रहे पानीपत में गांव नौल्था के ग्रामीण को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी। पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। नौल्था गांव के जतिन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अजीत दांत की वा लेने के लिए गांव खानपुर कलां स्थित मेडिकल कालेज के अस्पताल जा रहे थे। वे गामड़ी से पैदल खानपुर कलां जा रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार बाइक ने उनको टक्कर मार दी।

HONEY MODERN SCHOOL
URGENT REQUIREMENTS
• PRT :- All Subjects
• TGT :- Science & Maths
(Only Female)
Kindly give Resume by Hand
and call on: 7882741234
WALK-IN-INTERVIEW in all Working Days
Timings : 10:00 am to 1:00 pm
G-mail: honeymodernhighschool@gmail.com
Address: GT ROAD, BAHALGARH

## गर्मी से पहले बूस्टिंग स्टेशनों पर हो अतिरिक्त मोटर जनरेटरों और स्टाफ की व्यवस्था : जैन

- मेयर राजीव जैन ने शनिवार को बूस्टिंग स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन।

नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने शहर के पश्चिम क्षेत्र के वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले सभी बूस्टिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त मोटरों, जनरेटरों एवं स्टाफ की उचित व्यवस्था करें। शनिवार को ककरोई रोड पर निर्माणाधीन 15 एमएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयत्र के ट्रायल पर शुरू किये जाने का निरिक्षण किया, इसके बाद सेक्टर 23 की ग्रीन बेल्ट, महलाना रोड पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, मिनी सचिवालय, सदर थाना के पास, पुरानी तहसील तथा कालूपुर चुंगी पर बने बूस्टिंग स्टेशनों का दौरा किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। राजीव जैन ने कालूपुर चुंगी पर निर्माणाधीन वाटर टैंक का भी कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि गर्मियों में पेयजल की कमी ना रहे। राजीव जैन ने बताया कि मिनी सचिवालय क बूस्टिंग स्टेशन पर ट्रांसफार्मर का हैंडल टुटा हुआ है, जिसकी वजह से बार बार बिजली कट होने पर दोबारा शुरू करने में परेशानी होती है। इलेक्ट्रिक पैनल भी कई माह से ख़राब है, इसके अतिरिक्त सदर थाना बूस्टिंग स्टेशन पर एक मोटर स्थायी रूप से ख़राब है जिन्हे गर्मियों के मौसम से पहले ठीक करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मेयर राजीव जैन ने बताया कि 30 लाख रूपये की लागत से लहराड़ा गांव से कालूपुर चुंगी तक लाइन डालकर कालूपुर चुंगी सिथित बूस्टिंग को ककरोई रोड के संयत्र से जोड़ दिया जायेगा जिससे गांव लहराड़ा और मंडी एरिया (काठ मंडी, प्रभु नगर मंडी, गोकुल नगर) में पानी की समस्या नहीं रहेगी। इसके अलावा महलाना रोड सिथित सरस्वती विहार एवं गढ़ी ब्राह्मणान को भी ट्यूबवेल की बजाये नहर का पानी एक माह में देना शुरू कर दिया जायेगा।

South Point
PUBLIC SCHOOL WORLD SCHOOL
An English Medium, Co.Ed., Sr. Sec. School (Aff. to CBSE, New Delhi)
Purkhas Road, Near Sugar Mill Flyover, Sonepat Ph.: 9306018324
Murthal Chowk, MURTHAL Sonepat Ph.: 9817500207
Admissions 2025-26 OPEN
for Classes PP-I to IX & XI
DILBAG S. KHATRI Chairman & Managing Trustee
www.southpoint.net.in
Streams Offered for Classes 11th & 12th Medical | Non-Medical | Commerce | Humanities
Admission Helpline 0130-2216800 www.southpoint.net.in
98120 20033, 9812118466